# एम एल एस एम कालेज में सत्र 2019-20 के लिये हुआ पीटीए का गठन

महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुन्दरनगर में प्रचार्य अजय कपुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सत्र 2019-2020 के लिय अविभावक एवं अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अविभावक गंगा सिंह ठाकुर को प्रधान, घनश्याम ठाकुर को उप-प्रधान तथा देवेन्द्र सिंह को सदस्य चुना गया। अनिल गुलेरिया को तीसरी बार संघ का महासचिव चुना गया तथा अध्यापकों में डा0 मुकेश वर्मा, राजमल राणा, डा0 शशी शर्मा, डा0 देवेन्द्र कुमार एवं लोकेश शर्मा को कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में शामिल किया गया। बैठक में विशेष रूप से गरीब परिवारों के छात्र-छात्रओं को पढाई के खर्च में यथा संम्भव मदद करने पर तथा महाविद्यालय में अन्य विकासात्मक कार्यो को कार्यान्वित करने पर चर्चा हुई। बैठक में पीटीए कमेटी के सदस्य डा0 अर्चना कपूर, डा0 मनोज शर्मा एवं मंजूला ठाकुर भी शामिल रहे। प्रचार्य अजय कपूर ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी तथा महाविद्यालय के विकास कार्यो में पूर्ण सहयोग की आशा व्यक्त की। इससे पूर्व सचिव अनिल गुलेरिया ने सत्र 2018-19 में संघ द्वारा किय गये कार्यो की रिर्पोट प्रस्तुत की गई जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की।